# INDIAN SCHOOL AL WADI AL KABIR

| Class: VI( 2nd lang.) | Department: Hindi | |
|---|---|---|
| Lesson -1-वह चिड़िया जो | Topic: Question bank and Grammar | Note: Pl. write in your note book |

पाठ -1- वह चिड़िया जो

अति लघु उत्तरीय प्रश्न –

प्रश्न -1- चिड़िया किसकी खातिर गाती है ?

उत्तर - चिड़िया बूढ़े वन-बाबा की खातिर गाती है|

प्रश्न -2- चिड़िया के पंख कैसे हैं ?

उत्तर - चिड़िया के पंख नीले हैं |

प्रश्न -3- चिड़िया कौन-से मोती ले जाती है?

उत्तर - चिड़िया जल के मोती ले जाती है |

प्रश्न -4- चिड़िया कैसे गाती है ?

उत्तर - चिड़िया कंठ खोलकर गाती है |

प्रश्न -5- चिड़िया को क्या पसंद है ?

उत्तर - चिड़िया को अनाज के दाने पसंद हैं ।

प्रश्न -6 - चिड़िया द्वारा खाए जाने वाले दाने किस चीज़ से भरे होते हैं?

उत्तर - चिड़िया द्वारा खाए जाने वाले दाने दूध से भरे होते हैं ।

लघु उत्तरीय प्रश्न –

प्रश्न -1-चिड़िया को किससे प्यार है और क्यों ?

उत्तर- चिड़िया को अन्न से प्यार है।वह दूधिया एवं अधपके जुंडी के दाने बड़े चाव से खाती है।उसे विजन से प्यार है,वह एकांत वन में मधुर स्वर में गाती है। उसे नदी से भी प्यार है। वह नदी की बीच धारा से जल की बूँदें चोंच में लेकर उड़ जाती है ।

प्रश्न -2- कविता में कैसी चिड़िया का वर्णन है ?

उत्तर- कविता में नीले पंखों वाली छोटी सी चिड़िया का वर्णन है।वह संतोषी है , थोड़ा अन्न उसके लिए काफ़ी है।वह मुहँबोली है।उसे एकांत पसंद है और अपने साहस पर उसे गर्व है ।

दीर्घ उत्तरीय प्रश्न –

प्रश्न -1- कविता के अनुसार चिड़िया का कैसा चित्र आपके मन में उभरता है?

उत्तर - 'वह चिड़िया जो' कविता को पढ़कर हमारे मन में यह चित्र मन में उभरता है-

- i चिड़िया के पंख चमकीले ,नीले और सुंदर हैं ।
- ii चिड़िया का आकार छोटा है ।
- iii वह जंगल में गीत गाती है ।
- iv वह खेतों में अन्न खाती है ।
- v वह नदी का पानी पीती है ।

प्रश्न-2- चिड़िया ने स्वयं को गर्वीली क्यों कहा है ?

उत्तर- चिड़िया ने स्वयं को गर्वीली इसलिए कहा है क्योंकि वह जंगल में अकेली रहकर अपना जीवन व्यतीत करती है , उसे एकांत पसंद है । वह स्वयं ही अपना भोजन जुटाने निकल पड़ती है । जब उसे प्यास लगती है तब वह तीव्र वेग वाली नदी से जल पीती है । वह अपनी सारी आवश्यकताएँ स्वयं ही पूरी कर लेती है ।

शब्दार्थ -

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 1- जुंडी | - | ज्वार - बाजरे की बालियाँ - Maize - millet | | |
| 2- रस | - | स्वाद | - | taste |
| 3- संतोषी | - | धीरजवाली | - | patience |
| 4- अन्न | - | अनाज | - | grain |
| 5- कंठ | - | गला | - | throat |
| 6- वन | - | जंगल | - | forest, |
| 7- रस उँडेलकर | - | बहुत ही मीठे स्वर में- | | in a very sweet voice |
| 8- विजन | - | एकांत , सुनसान - | | lonely - a quiet place |
| 9- चढ़ी नदी | - | उफ़नती हुई नदी - | | जल से भरी हुई नदी , flooded river |
| 10- टटोलकर | - | खोजकर | - | in the search of |
| 11-गरबीली | - | गर्वीली | - | proudly |

व्याकरण भाग -

**प्रश्न - 1 - निम्नलिखित शब्दों से दो- दो पर्यायवाची बनाइए:-**

| | | | | | | |
|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 – आँख | - | नयन | , | नेत्र | , | लोचन |
| 2 – किनारा | - | तट | , | तीर | , | कूल |
| 3 – कपड़ा | - | वस्त्र | , | पट | , | चीर |
| 4 – घर | - | गृह | , | धाम | , | सदन |
| 5 – दिन | - | दिवस | , | वार | , | वासर |
| 6 – गाय | - | गोऊ | , | धेनु | , | गौ |
| 7 – कमल | - | जलज | , | नीरज | , | पंकज |
| 8 – पुत्र | - | बेटा | , | सुत | , | आत्मज |
| 9 – आदमी | - | नर | , | जन | , | पुरुष |
| 10 – पुष्प | - | फूल | , | सुमन | , | कुसुम |

**प्रश्न - 2 निम्नलिखित शब्दों के विलोम लिखिए :-**

| | | |
|---|---|---|
| **1 - अगला** | **–** | **पिछला** |
| **2 - आदि** | **–** | **अंत** |
| **3 - गुण** | **–** | **दोष** |
| **4 - हिंसा** | **–** | **अहिंसा** |
| **5 - आग** | **–** | **पानी** |
| **6 - छोटा** | **–** | **बड़ा** |
| **7 - दिन** | **–** | **रात** |
| **8 - धर्म** | **–** | **अधर्म** |
| **9 - न्याय** | **–** | **अन्याय** |
| **10 - आज** | **–** | **कल** |

**प्रश्न – 3 क) - निम्नलिखित शब्दों के लिंग बदलिए :-**

| **पुल्लिंग** | | **स्त्रीलिंग** |
|---|---|---|
| **1 - पिता** | **–** | **माता** |
| **2 - राजा** | **–** | **रानी** |
| **3 - भाई** | **–** | **बहन** |
| **4 - मोर** | **–** | **मोरनी** |
| **5 - नौकर** | **–** | **नौकरानी** |
| **6 - गुणवान** | **–** | **गुणवती** |
| **7 - लड़का** | **–** | **लड़की** |
| **8 - माली** | **–** | **मालिन** |

**9 - मौसा – मौसी**

**10 - शेर – शेरनी**

**प्रश्न – ख) - निम्नलिखित** वाक्यों **के लिंग बदलकर लिखिए :-**

**1 - पिता जी ने बाज़ार से पुस्तक ख़रीदी |**

**माता जी ने बाज़ार से पुस्तक ख़रीदी |**

**2 - राजा का भाई बहुत गुणवान है |**

**रानी की बहन बहुत गुणवती है |**

**3 - माली ने मौसा जी को बगीचा दिखाया |**

**मालिन ने मौसी जी को बगीचा दिखाया |**

**4 - मैंने सरकस में शेर का खेल देखा |**

**मैंने सरकस में शेरनी का खेल देखा |**

**5 - काले बादल देखकर मोर नाचने लगा |**

**काले बादल देखकर मोरनी नाचने लगी |**

प्रश्न – 4 - निम्नलिखित मुहावरों को वाक्यों में प्रयोग कीजिए:-

1 - मुँह में पानी आना- (अर्थ- ललचा जाना) –

वाक्य-चॉकलेट देखकर बच्चे के मुँह में पानी आ गया ।

2 - आँखों में धूल झोंकना - (अर्थ- धोखा देना) -

वाक्य- चोर पुलिसवाले की आँखों में धूल झोंककर भाग गया ।

3 - आसमान सिर पर उठाना - (अर्थ- बहुत शोर करना) -

वाक्य- अध्यापिका के कक्षा से जाते ही छात्रों ने आसमान सिर पर उठा लिया।

4 - कहासुनी हो जाना - (अर्थ- झगड़ा होना )

वाक्य - आज मीना की रीता से कहासुनी हो गई इसलिए वह बहुत दुखी है |

5 - गले का हार-( अर्थ- बहुत प्रिय) –बच्चे माता – पिता के गले का हार होते हैं।

6 - हवा से बातें करना –(अर्थ- बहुत तेज भागना )

वाक्य- महाराणा प्रताप का घोड़ा चेतक तो हवा से बातें करता था ।

7 - ऊँचा सुनना -( कुछ बहरा होना )

वाक्य-कृपया ज़ोर से बोलिए रामलाल जी थोड़ा ऊँचा सुनते हैं।

8 - मक्खन लगाना - (अर्थ- चापलूसी करना)

वाक्य-मैं साफ़ बात करती हूँ, मुझे मक्खन लगाने की आदत नहीं है।

9 - खून खौलना- ( बहुत क्रोध आना)

वाक्य-जब भी मैं गरीबों पर अत्याचार होते हुए देखती हूँ तो मेरा खून खौलने लगता है।

10 -पेट में चूहे कूदना-(अर्थ- बहुत भूख लगना)

वाक्य- सुबह से कुछ नहीं खाया है, इसलिए तो मेरे पेट में चूहे कूद रहे हैं।

*************